आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 20.10.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धन्वंतरि महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा– सरकार उत्तराखंड को योग और आयुर्वेद की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित करने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।
- रौशनी, उमंग और उत्साह का पावन पर्व दीपावली आज देशभर में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दीं। श्री मोदी ने कहा– ये पर्व सभी के जीवन में सुख–समृद्धि और सौहार्द लाए।
- **और,** अयोध्या में भव्य दीपोत्सव पर सरयू नदी के तट पर 26 लाख 17 हज़ार से ज़्यादा दीये जलाकर गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया।

..........................................................................

धन्वंतरि महोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को योग और आयुर्वेद की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित करने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। वे पौड़ी गढ़वाल के मालाग्राम में आयोजित प्रथम धन्वंतरि महोत्सव में वर्चुअल माध्यम से उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आयुर्वेद केवल एक चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र भारतीय परंपरा है, जो हमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से संतुलित बनाती है।

मुख्यमंत्री ने सभी को प्रथम धन्वंतरि महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यमकेश्वर के मालाग्राम में स्थापित 'हर्बल वर्ल्ड हिमालय श्री धन्वंतरि धाम' आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा का दुनिया का एकमात्र समग्र केंद्र है। श्री धामी ने कहा कि यह धाम भारत की "आरोग्य संस्कृति" का एक जीवंत स्वरूप होगा, जहां हमारे महान ऋषि–मुनियों द्वारा स्थापित स्वास्थ्य सिद्धांतों के साथ–साथ वनस्पति विज्ञान पर आधारित 09 प्रमुख चिकित्सा पद्धतियों और विश्व की लगभग 964 चिकित्सा विधाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार आगामी वर्षों में आयुष टेली–कंसल्टेशन सेवाओं की शुरुआत करने के साथ ही 50 नए योग और वेलनेस केंद्रों की स्थापना की दिशा में भी कार्य कर रही है। प्रदेश में योग, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने के लिए 10 लाख रुपये तक के अनुदान का प्रावधान किया गया है।

..........................................................................

दिपावली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिपावली के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि यह त्योहार अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। उन्होंने सभी से दिपावली को सुरक्षित, ज़िम्मेदारीपूर्वक और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाने का आग्रह किया है।

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने अपने संदेश में कहा कि दिपावली बुराई पर अच्छाई और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का उत्सव है। उन्होंने देवी लक्ष्मी से सभी के लिए शांति, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा कि ये पर्व सभी के जीवन में सुख–समृद्धि और सौहार्द लाए।

.........................................................................

प्रकाश पर्व दीपावली

रौशनी, उमंग और उत्साह का पावन पर्व दीपावली आज देशभर में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। हिंदू धर्म में दिवाली के पावन पर्व पर घरों से लेकर मंदिर, बाजार और कार्यस्थलों पर लक्ष्मी पूजन किया जाता है और दीपों की जगमग रोशनी से कोने–कोने में दीए का उजाला किया जाता है। इस दौरान सभी लोग एक–दूसरे को दिवाली की शुभकामनाएं भी देते हैं।

मान्यता है कि इस दिन धन की देवी माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की विशेष पूजा–अर्चना की जाती है। ऐसा करने से जीवन में सुख–समृद्धि, बरकत, धन–सौभाग्य और निरंतर प्रगति के योग बनते हैं। साथ ही साधक के यश, वैभव और ऐश्वर्य में भी वृद्धि होती है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, दीपावली अंधकार पर प्रकाश और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। इस दिन भगवान श्रीराम 14 वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे, जिसकी खुशी में पूरे नगरवासियों ने दीप जलाकर उनका भव्य स्वागत किया था। इसी उपलक्ष्य में दिवाली का त्योहार मनाया जाता है, जिसे प्रकाश, प्रेम और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है।

.........................................................................

दीपोत्सव

उत्तर प्रदेश ने कल नौवें दीपोत्सव पर राम की पैड़ी समेत अयोध्या के 56 घाटों पर 26 लाख 17 हज़ार 215 दीये जलाकर गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इस वर्ष एक और विश्व रिकॉर्ड बनाया। जिसमें 2 हजार 128 वेदाचार्यों ने सरयू नदी के तट पर महाआरती की और श्लोकों का पाठ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कई मंत्री इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

.............................................................................

जीएसटी बचत उत्सव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू किए गए वस्तु और सेवा कर–जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। आज इस श्रृंखला में पेश है देश के ऑटोमोबाइल क्षेत्र को मज़बूत बनाने में जीएसटी सुधारों के प्रभावों पर हमारी संवाददाता की एक रिपोर्ट–

नए जीएसटी सुधार नागरिकों के लिए वाहनों को अधिक किफायती बनाकर भारत के ऑटोमोबाइल क्षेत्र को महत्वपूर्ण बढ़ावा दे रहे हैं। नये जीएसटी के तहत 1200 सीसी तक की पेट्रोल कारों, 1500 सीसी तक की डीजल कारों तथा 3 सौ 50 सीसी या उससे कम क्षमता वाले दोपहिया वाहनों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो गया है। इसी प्रकार, तिपहिया और माल परिवहन वाहनों पर अब 28 प्रतिशत जीएसटी के बजाय केवल 18 प्रतिशत कर लग रहा है। इन सुधारो से, ये सभी वाहन मध्यम वर्गीय परिवारों, छात्रों, पेशेवरों और परिवहन मालिकों सहित विभिन्न वर्ग के नागरिकों के लिए अधिक किफायती हो गयी है। इसके अलावा, यह बदलाव ऑटोमोबाइल उद्योगों को अपने व्यवसाय का विस्तार करने तथा बिक्री बढ़ाने में मदद कर रहा है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में, एक निजी ऑटोमोबाइल कंपनी के महाप्रबंधक निशिकांत तिवारी ने कहा कि कारों की कीमतों में कमी से उपभोक्ताओं की संख्या में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

.............................................................................

केदारनाथ धाम

दीपोत्सव के लिए श्री बदरीनाथ और श्री केदारनाथ धाम को 12–12 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। दोनों धामों में श्री बदरी–केदार मंदिर समिति, तीर्थ पुरोहितों और हकहकूकधारियों के सहयोग से संयुक्त रूप से दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मंदिर परिसर के चारों ओर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे।

वहीं, केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए परंपरानुसार 23 अक्टूबर को भाई दूज के दिन बंद किए जाएंगे।

बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि चार दिवसीय दीपोत्सव 20 से 23 अक्टूबर तक दोनों धामों में मनाया जाएगा।

.............................................................................

दलहन

पंतनगर गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से विकसित दलहन की तीन प्रजातियों को किसानों को उगाने के लिए जारी करने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय आईसीएआर के निर्देशन में आयोजित प्रजाति विमोचन समिति की बैठक में लिया गया। कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा

कि पंतनगर विश्वविद्यालय द्वारा निरंतर विकसित की जा रही दलहनी फसलों की उन्नत प्रजातियाँ देश को दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

प्रोफेसर डॉ. एस. के. वर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय ने इस वर्ष उड़द की 'पंत उड़द–13' और 'पंत उड़द–14' नामक दो नई प्रजातियाँ विकसित की हैं, जिनकी उत्पादकता मानक प्रजातियों की तुलना में लगभग 10 फिसदी अधिक है। ये प्रजातियाँ रोगों और कीटों के प्रति भी प्रतिरोधी हैं।

.............................................................................

ऑस्टियो–पोरोसिस दिवस

आयुष मंत्रालय ने ऑस्टियो–पोरोसिस–हड्डी रोग से बचाव के लिए लोगों, विशेषकर वृद्धजनों और रजोनिवृत्ति के बाद महिलाओं से संतुलित पोषण और हल्का शारीरिक व्यायाम जैसे आयुर्वेदिक उपाय अपनाने का अनुरोध किया है। मंत्रालय ने विश्व ऑस्टियो–पोरोसिस दिवस की पूर्व संध्या पर जारी एक बयान में कहा है कि दैनिक जीवन में ये समग्र उपाय अपनाने से प्रत्येक व्यक्ति अपनी हडि्डयों को मजबूत कर सकता है और टूटने का जोखिम घटा सकता है। विश्व ऑस्टियो–पोरोसिस दिवस 20 अक्टूबर को मनाया जाता है। मंत्रालय ने कहा है कि ऑस्टियो–पोरोसिस से बचाव के लिए शुरूआत में ही जीवनशैली में बदलाव और देखभाल आवश्यक है। यह जनस्वास्थ्य के लिए मुख्य खतरा है जो दुनियाभर में करोडों लोगों को प्रभावित करता है।

.............................................................................